<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 03 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

- डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत। मुख्यमंत्री ने कहा– न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये लगातार काम कर रही है राज्य सरकार।
- आगामी सात नवम्बर को वाराणसी से देश को तीन वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। प्रदेश के लखनऊ से सहारनपुर और वाराणसी से खजुराहो के बीच होगी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा की शुरुआत।
- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव को बताया लोकतंत्र की बुनियाद। कहा– आयोग के सामने न कोई पक्ष, न कोई विपक्ष।
- साउथ अफ्रीका को हरा कर पहली बार विश्व कप चैम्पियन बनी भारतीय महिला क्रिकेट टीम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'रूल ऑफ लॉ' को प्रभावी बनाने के लिये बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल पर बल दिया है। वह कल लखनऊ में डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, सुशासन के लक्ष्यों को पाना उतना ही आसान होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये लगातार ठोस उपाय कर रही है।

**विवेक और संवेदना में जब समन्वय होता है तब हम रूल ऑफ लॉ की परिकल्पना को मूर्त रूप से देख पाते हैं। इसमें बेहतर समन्वय हो इसके लिए हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने प्रारंभ किए हैं। दस जनपदों के लिए एक साथ हम लोगों ने धनराशि भी इसके लिए जारी की है जिसमें एक ही कैंपस में सभी प्रकार के कोर्स जिले स्तर के सभी कोर्स होंगे। वहीं पर हमने बार के लिए भी की व्यवस्था उपलब्ध करवाई है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम लोगों विशेष कर महिलाओं और बच्चों को त्वरित न्याय दिलाने के लिये अब तक तीन सौ अस्सी से ज्यादा फास्ट ट्रैक और पाक्सो कोर्ट बना चुकी है, जिसके बेहतरीन परिणाम आ रहे हैं। लोक अदालतों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके माध्यम से भी लोगों को त्वरित इंसाफ दिलाया जा रहा है।

समारोह के दौरान सर्वाधिक अंक प्राप्त वाले छात्र–छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरूण भंसाली, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, प्रदेश सरकार के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और कुलपति प्रोफेसर अमर पाल सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच जिले के भरथापुर गांव में पिछले दिनों हुए नौका हादसे के पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान श्री योगी ने परिजनों को चार–चार लाख रुपये की राहत राशि का चेक भी दिया। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच जिले के भरथापुर गांव में पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवारों को जमीन और आवासीय सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाये। इस मद के लिये श्री योगी ने इक्कीस करोड़ पचपन लाख रुपये की राशि भी मंजूर की। मुख्यमंत्री ने भरथापुर जैसे अन्य गांवों के लोगों के पुर्नवासन के लिये जल्द प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया और कहा कि बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने अधिकारियों से इस प्रक्रिया को एक महीने के अंदर पूरा करने और इसके लिये जरूरी बजट को शासन को देने को कहा है, ताकि जल्द ही इस तरह के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा सके। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से सात नवम्बर को तीन वंदे भारत ट्रेनों का उद्घाटन करेंगे। वह वाराणसी से खजुराहो जाने वाली वंदेभारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही फिरोजपुर से दिल्ली और लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली दो अन्य ट्रेनों का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

**********

रेलवे ने लखनऊ से सहारनपुर और वाराणसी से खजुराहो के बीच सात नवम्बर से शुरू हो रही वंदे भारत ट्रेन सेवा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। एक रिपोर्ट–

**लखनऊ–सहारनपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिये सीतापुर भी जुड़ेगा, जिससे नैमिषधाम जाने वाले श्रद्धालुओं को खासी सुविधा होगी। यह नई ट्रेन सोमवार को छोड़कर हफ्ते में छह दिन सुबह पांच बजे लखनऊ जंक्शन से रवाना होगी। इसी तरह वाराणसी से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सुबह पांच बज कर 25 मिनट पर छूटेगी और विन्ध्याचल, छिवकी चित्रकूट धाम, बांदा और**

**महोबा होते हुए खजुराहो दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी। लखनऊ से मुमताज अली की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कानपुर में कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और पारदर्शिता के साथ चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान–आईआईटी कानपुर के छाछठवें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ने कल वहां मीडिया से बातचीत भी की।

**मैं एक बार स्पष्ट करना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए ना कोई पक्ष है, ना कोई विपक्ष है, सब समकक्ष है और सामान्य मतदाता शांतिपूर्वक अपनी स्वेच्छा के अनुसार पारदर्शी तरीके से मतदान कर पाए। चुनाव आयोग उसके लिए पूरी तरह तैयार है और आशा है कि बिहार में होने वाले यह चुनाव ना केवल पारदर्शिता के लिए बल्कि सक्षमता के लिए, सरलता के लिए, भारत के लिए एक नजीर होंगे।**

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ बाइस सितंबर को शुरू किए गए 'जीएसटी बचत उत्सव' से देश भर के लोगों को लाभ हुआ है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों ने कर के बोझ को कम करके नागरिकों के लिए यात्रा, आवास और सांस्कृतिक अनुभवों को अधिक किफायती बनाकर पर्यटन क्षेत्र को राहत प्रदान की है। सात हजार पांच सौ रुपये प्रति रात्रि से कम किराए वाले होटल में ठहरने पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आवास अधिक सुलभ हो गया है। जीएसटी की यह काम दरे मध्यम वर्ग और बजट यात्रियों के लिए होटल सस्ते बना देंगी और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भारत का आकर्षण बढ़ाएंगी। इसने होटलों और होमस्टे में निवेश को भी प्रोत्साहित किया है। जिससे रोजगार सृजन हुआ है और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। इस बीच 10 से अधिक व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाली बसों पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे सार्वजनिक परिवहन की लागत कम हुई है। निकिता गुप्ता आकाशवाणी समाचार नई दिल्ली।**

**********

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 'महिला विश्व कप 2025' का फाइनल मुकाबला जीत लिया है। भारतीय टीम, साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनी हैं। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में कल खेले गए फाइनल मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 7 विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम 45.3 ओवर में 246 रन पर ही सिमट गई।

**********

पीलीभीत जिले के माधव टांडा स्थित गोमती उद्गम तीर्थ पर कल से आठ नवम्बर तक मां गोमती शरद कालीन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गोमती ट्रस्ट के अध्यक्ष और उपजिलाधिकारी नेपाल सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।

**********

चित्रकूट के झांसी–मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल रात तेज रफ्तार बोलेरो और बांदा डिपो की एक रोडवेज बस में आमने–सामने से टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दंपति सहित पांच लोग गंभीर तौर पर घायल हैं।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में ठंड का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश में हल्के से लेकर मध्यम कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में आठ नवंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

**********